

# हाथी पर सवार होकर आएगी जगत जननी, इस बार 10 दिन होगी आराधना

## शारदीय नवरात्रि आज से, माता मंदिरों में शुभ मुहूर्त में होगी घट स्थापना

**शाजापुर, 21 सितंबर. शक्ति की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्रि आज से शुरू हो रहा है. इस बार खास बात यह है कि तृतीया तिथि बढ़ जाने के कारण नवरात्रि दस दिनों की होगी. वहीं जगत जननी का आगमन हाथी पर होगा. ज्योतिषाचार्यों की मानें तो हाथी पर मां का आगमन बहुत शुभ माना जाता है. नवरात्र में जो भक्त सच्चे मन से माता रानी की पूजा करते हैं. माता उनकी झोली खुशियों से भर देती हैं.**

ज्योतिषाचार्यों की मानें तो इस बार शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ होंगे और 1 अक्टूबर को पूर्ण होंगे. जब भी सोमवार से नवरात्र शुरू होते हैं, तो मातारानी हाथी पर सवार होकर आती हैं, जो बहुत शुभ और फलदायी माना जाता है. हाथी पर मां के आगमन से देश और जन समुदाय में सुख-समृद्धि, वैभव एवं यश की प्राप्ति होगी. मातारानी सभी को ऐश्वर्य, विजय एवं संपन्नता प्रदान करेंगी. वहीं हिंदू पुराणों में मान्यता है कि कलश को भगवान विष्णु का रूप माना जाता है. इसलिए देवी की पूजा से पहले कलश का पूजन किया जाता है. साथ ही ज्वारे भी बोए जाते हैं.



### रोशनी से जगमगा रहे मंदिर

शारदेय नवरात्रि को लेकर शहर में भी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं. मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है. वहीं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है. शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वर मंदिर मे भी मंदिर को सजाने का काम पूरा हो गया है. जहां सुबह और शाम माता की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर माता की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे.

### गरबों से करेंगे मां की आराधना

नवरात्रि पर्व के दौरान जहां माता मंदिरों में दस दिन तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ आदि कर माता रानी को प्रसन्न किया जाएगा, तो वहीं पंडालों एवं विभिन्न मंडलियों द्वारा गरबों के माध्यम से माता रानी की आराधना की जाएगी.

### मां राजराजेश्वरी मंदिर में सुबह 9 .30 बजे घट स्थापना...

शहर के प्रसिद्ध एबी रोड स्थित मां राजराजेश्वरी माता मंदिर में भी शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ नवरात्रि के पावन पर्व का शुभारंभ किया जाएगा . मंदिर के पुजारी पं . आशीष नागर ने बताया कि मंदिर में प्रात: 9 .30 बजे शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की जाएगी . इस दौरान विधायक अरुण भीमावद, कलेक्टर ऋजु बाफना, एसपी यशपालसिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष पं . संतोष जोशी सहित मंदिर समिति के सदस्य व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल होकर माता की आराधना कर आशीर्वाद लेंगे .



### यहां भी होंगे धार्मिक अनुष्ठान...

मां राजराजेश्वरी मंदिर के साथ ही दुपाड़ा रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर, कसेरा बाजार स्थित रूपा माता मंदिर, नईसड़क स्थित बिजासन माता मंदिर, लालबाई फूलबाई माता मंदिर, गायत्री मंदिर में भी शुभ मुहूर्त में घट स्थापना होगी . यहां भी 10 दिनों तक विधि-विधान से माता रानी की आराधना की जाएगी .

# शहर की जीवंत समस्या का समाधान करने जा रही नगर परिषद

**सुसनेर, 21 सितंबर. सालों से सड़क पर लग रही महात्मा ज्योति बा फूले सब्जी मंडी को अब नगर परिषद सब्जी मंडी क्षेत्र में बनाए गए टीनशेड के नीचे शिफ्ट करने जा रही है. इसको लेकर रूपरेखा भी तैयार की जा चुकी है. दुकानदारों की सूची भी तैयार हो चुकी है. जिन्हें टीनशेड के नीचे चबुतरे पर जगह का आंवटन किया जाकर उन्हें निर्धारित स्थान पर बैठाया जाएगा. यदि ऐसा हुआ तो सालों की इस जीवंत समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा.**

आपको बता दें की इसको लेकर गत दिनों सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव ने भी निरीक्षण किया था और नगर परिषद सीएमओ को जल्द से जल्द सब्जी मंडी को टीनशेड के नीचे शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए थे. हालांकि इससे पहले से ही नगर परिषद सब्जी मंडी की व्यवस्थाओं के सुधार में जुटी हुई है. नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया के अनुसार नवरात्र और दशहरे के बाद सब्जी मंडी को टीनशेड के नीचे शिफ्ट करने की प्रकिया शुरू की जाएगी. यदि ऐसा हुआ तो न सिर्फ नरबदिया की और जाने वाले मार्ग पर आवागमन सुलभ होगा, बल्की इस क्षेत्र में स्थाई पक्की दुकानों में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को भी राहत मिलेगी. साथ ही आए दिन होने वाले छोटे छोटे विवादों से भी छुटकरा मिल सकेगा. अभी सड़क पर ही सब्जी मंडी संचालित होने से राहगीरों, वाहन चालकों और प्रतिदिन सब्जी खरीदने के लिए आने वाली गृहणियों व आसपास के दुकानदारों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है. सब्जी मंडी नरबदिया नाला मार्ग पर लग रही है और यही मार्ग इतवारिया बाजार, मैना रोड, डग रोड, पिडावा रोड व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्रीखेडापति हनुमान मठ मंदिर तक भी जाता है. इस वजह से इस मार्ग पर प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक लोगों का आना जाना लगा रहता है. ऐसे में दिन में इसी मार्ग पर सड़क के बीच हाथ ठेले भी खडे रहते हैं, और वाहनों का आवागमन भी चालू रहता है. सब्जी मंडी में नगर परिषद की दुकानें भी बनी हुई है, जिनमें अपना व्यापार करने वाले व्यावसायी इन हाथ ठेले वाले से परेशान हो चुके हैं. दुकानदार शिवनारायण, राजा मर्सरत, कन्हैयालाल, कालू उपाध्याय ने बताया की लाखो रूपए की नीलामी में नपा से दुकानें ली और व्यापार करने के लिए बैठे हैं तो सामने हाथ ठेले वाले खडे रहते हैं ऐसे में हमारी दुकान तक ग्राहक भी नहीं आ पाते है. इस वजह से हमारा व्यापार प्रभावित हो रहा है. यदि सब्जी मंडी टीनशेड के नीचे शिफ्ट हो जाती है तो फ्रि सभी का अच्छा व्यापार हो सकेगा.

### इनका कहना है

*सब्जी मंडी को टीनशेड के नीचे शिफ्ट करने हेतु नगर परिषद के द्वारा योजना तैयार की गई है. नवरात्र व दशहरे के बाद शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.*

***- लक्ष्मी राहुल सिसोदिया, नप अध्यक्ष सुसनेर***

*सब्जी मंडी में चबूतरों का निर्माण करके टीनशेड भी लगाए गए है. सब्जी विक्रेताओं को चबूतरे पर निर्धारित जगह का आंवटन किया जाकर जल्द ही टीनशेड के नीच शिफ्ट किया जाएगा. ताकि सब्जी मंडी की व्यवस्थाओं में सुधार हो सके. साथ ही आवागमन भी बाधित न हो.*

***- ओपी नागर, सीएमओ नगर परिषद सुसनेर***

# ना जाने कैसे पल में बदल जाते हैं, राजनीति के ये बदलते रिश्ते...

**बात शाजापुर की**
**मनोज पुरोहित**

राजनीति के रिश्ते भी इस फिल्मी गाने की तरह हो गए हैं कि - ना जाने कैसे पल में बदल जाते हैं, राजनीति के ये बदलते रिश्ते... जुड़कर कहीं दिल जोड़ते, टूटे तो दिल तोड़ जाते हैं ये... ये फूल बनकर खिलते कहीं नहीं, दिल में कांटे चुभाते हैं ये... जाने कहां किस मोड़ पे देके दगा, दिल को छल जाते हैं ये... ये हैं राजनीति के बदलते रिश्ते... कहा जाता है राजनीति में ना किसी का कोई स्थाई दोस्त होता है और ना स्थाई शत्रु. अपने स्वार्थ और परिस्थिति को देखकर दोस्त और शत्रु तय किए जाते हैं. शाजापुर की राजनीति में भी नेताओं के बदलते रिश्ते इसी कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं. राजनीति में जो कभी एक-दूसरे के सारथी, वे अब राजनीति में एक-दूसरे के राजनीतिक शत्रु हैं. कांग्रेस में भी कभी छोटे भाई-बड़े भाई हुआ करते थे, लेकिन आज दोनों के बीच राजनीतिक दीवार है. जिसकी कोई नीति न हो, उसे ही राजनीति करने का हक है. राजनीति में स्वार्थ का होना अति आवश्यक है. यदि आपमें स्वार्थ का जायका नहीं है, तो आप राजनीति में फिट नहीं है. बीते तीन दशकों में यदि शाजापुर जिले की राजनीति पर गौर करें, तो जिनके राजनीतिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए एक-दूसरे को गले लगाया. वर्तमान में भी राजनीति का यही सिद्धांत चल रहा है. लेकिन पिसता है दोनों दल का वह निष्ठावान और देवतुल्य कार्यकर्ता जो अपने आका के लिए कबीलों में बटी राजनीति के सरदारों से बुरा बनता है. क्योंकि राजनीति के कबीलों के सरदार कब एक जाजम पर आ जाएं, कह नहीं सकते हैं, लेकिन वो कार्यकर्ता अपनी निष्ठा के साथ अपने राजनीतिक आका के साथ खड़ा रहता है. ऐसे कई कार्यकर्ता लुप्त हो गए हैं, जिन्होंने पार्टियों को खून-पसीने से सींचा. आज वो कार्यकर्ता राजनीति के परिदृश्य से दूर हैं. उनकी जगह नए कार्यकर्ताओं ने ले ली है, लेकिन ये कार्यकर्ता सत्ता आने के बाद नजर आते हैं. सत्ता का दोहन करने के बाद ये कार्यकर्ता लुप्त हो जाते हैं. चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो, उसमें भी निष्ठावान कार्यकर्ता लूपलाइन में था या भाजपा की सरकार हो. जिस कार्यकर्ता को देवतुल्य कहा जाता है, उसकी याद केवल झंडे, बैनर और दरी बिछाते वक्त ही आती है. वर्तमान में राजनीति की बात करें, तो शाजापुर जिले में राजनीति में गुटबाजी और राजनीति वैमनस्यता हावी है. अब कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन नहीं, जिस कार्यकर्ता का आका राजनीति के अर्श पर होता है, उसके साथ उसका समर्थक भी अर्श पर ही रहता है. अब राजनीतिक दलों में कार्यकर्ताओं का रूप समर्थकों ने ले लिया है. ये समर्थक अपने आका के अनुसार राजनीति में नजर आते हैं.

### चर्चा में है मटुकनाथ का मैसेज

पुलिस महकमे में एक मटुकनाथ इन दिनों लव गुरु बनकर चर्चा में है. इन्होंने एक मैसेज किया था, जो प्रशासनिक हल्कों में चर्चा का विषय है. मटुकनाथ जी का यह मैसेज पूरे जिले में चर्चा के साथ भोपाल तक पहुंच गया है. पिछले दिनों ऐसे ही मैसेज कांड में एक एसडीएम को निलंबित होना पड़ा था. अब देखना है कि इन मटुकनाथ लवगुरु का मैसेज क्या गुल खिलाता है. इन रंगीन मिजाज मटुकनाथ के रंग-ढंग देखकर कुछ महिला अधिकारी भी इनसे दूर की राम-राम कर रही हैं और इनके यहां से विदा होने की दुआ मांग रही हैं.

### मान सब कर रहे हैं, लेकिन ऊपर वाला सुन नहीं रहा है...

पूरे देश में भारी बारिश से लोग परेशान हैं, लेकिन शाजापुर में बारिश न होने से लोग परेशान हैं. शाजापुर शहर की सीमा के बाहर पानी गिर जाता है, लेकिन शाजापुर शहर में केवल छींटे देखने को मिल रहे हैं. यूं भी शाजापुर में बारिश में कई वर्षों से कमी देखने को मिल रही है. कोई विंड मिल के पंखों को दोष देता है, तो कोई इसे कर्मों का दोष बताता है. यदि आने वाले कुछ दिनों में पानी नहीं आया, तो किसानों के लिए जलसंकट खड़ा हो जाएगा. अब तो केवल एक ही टोटका बचा है कि मेंढक-मेंढकी का विवाह करा दो, शायद इंद्र देवता की कृपा शाजापुर शहर पर हो जाए.

### अंत में...

स्वदेशी अपनाने की शुरुआत नेताओं से होना चाहिए. सबसे पहले नेता अपने वे मोबाइल त्यागें, जो विदेशी कंपनी के हैं. अब सैमसंग, एप्पल, विवो मोबाइल पर बात करके स्वदेशी अपनाने का ज्ञान न दें.

## छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**सुसनेर, 21 सितंबर.** विकासखंड के समीप शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय मोड़ी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत ब्यूटी एवं वैलनेस कि छात्राओं के द्वारा ईशा ब्यूटी पार्लर मोडी का औद्योगिक भ्रमण किया गया. ब्यूटी पार्लर की संचालिका ईशा जैन द्वारा सभी छात्राओं को विस्तार से मेकअप प्रोडक्ट का ज्ञान, मेकअप एवं हेयर स्टाइल, क्लीनअप एवं हेयर स्पा की बारीकियां को समझाया. ब्यूटी एवं वैलनेस की शिक्षिका मनतशा खान ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से विषय वस्तु का प्रेक्टिकल अनुभव होता है एवं आधुनिक समय के विभिन्न प्रोडक्टों को करीब से समझा जा सकता है. जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा होता है. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गिरिराज बंसिया एवं आशीष जैन भी उपस्थित थे.

# सर्व हिन्दू उत्सव समिति के प्रवक्ता बने गवली, सोनी-वात्रे महासचिव

## सर्व हिंदू उत्सव समिति की कार्यकारिणी घोषित

**शाजापुर, 21 सितंबर. श्रीकृष्ण व्यायामशाला द्वारा संचालित सर्व हिंदू उत्सव समिति की कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें प्रवक्ता पत्रकार धनराज गवली और महासचिव मनीष सोनी, सत्या वात्रे को बनाया गया. शहर के कई युवाओं को भी कार्यकारिणी में पदों से नवाजा गया है.**

सर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष नागर ने समिति के संरक्षकगणों की सहमति से हर समाज को प्रतिनिधित्व देते हुए नई कार्यकारिणी घोषित की है. आशीष नागर को पुन: अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद उन्होंने अपनी कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें 55 पदाधिकारी, 31 संरक्षक, 100 विशेष आमंत्रित सदस्यों सहित 244 लोगों को शामिल किया गया. समिति में महासचिव मनीष सोनी, सत्या वात्रे, उपाध्यक्ष अशोक राठौर, दीपक निगम, अजय चंदेल, विकास सिंदल, आलोक गुप्ता, अनिल मालवीय, अभिषेक जैन, मनोज गवली, विक्रम कुशवाह, भूपेंद्र मालवीय, राहुल परमार, सचिव गोविंद नायक, राजेश पारछे, प्रेम यादव, सहसचिव बालकृष्ण यादव, सतीश राठौर, धर्मेन्द्र शर्मा, कमल गुर्जर, अंकित तंवर, प्रवीण सोनी, अजय भैरवे, दिनेश सौराष्ट्रीय, आशीष सोनी, दिलीप सिंदल, प्रदीप देवतवाल, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष अतुल पालीवाल, प्रवक्ता धनराज गवली, सह प्रवक्ता महेश गवली, मुकेश दुबे, मीडिया प्रभारी सुमित भावसार, अजय शर्मा, राजेश नागर, सह मीडिया प्रभारी गोविंद शर्मा, नितिन परमार, मोहित राठौर, स्वागत संयोजक रोहित विश्वकर्मा, सह स्वागत संयोजक संतोष परिहार, हरीश देवतवाल, वासुदेव कुशवाह, सूचना संपर्क प्रमुख विष्णु गवली, सह सूचना संपर्क विनोद जैन, अजय पंवार, जयेश सोनी, कार्यालय मंत्री मनीष परमार, आशीष गुप्ता, सह कार्यालय मंत्री लवेश शर्मा, रितिक देवतवाल, प्रचार मंत्री चेतन कुशवाह, कमलेश अटेरिया, सह प्रचार मंत्री जतिन सोनी, प्रतीक केशवाल, सुभाष राठौर, आईटी सेल प्रमुख चेतन शर्मा, सह आईटी सेल में सोनू भावसार, पंकज सोलंकी, अखिलेश जैन को शामिल किया गया है. इसके अलावा सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर ने अपनी कार्यकारिणी में 13 ट्रस्टी, 31 संरक्षक, 100 विशेष आमंत्रित सदस्य आदि को शामिल किया गया है.







## एक नजर में

### सेवा पखवाड़ा के तहत मिनी स्पोर्ट्स डे आयोजित



**शाजापुर, 21 सितंबर .** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 21 सितम्बर को आत्मनिर्भर भारत : विकसित भारत थीम पर मिनी स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया . विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती विजया सक्सेना तथा हेमेंद्र यादव के नेतृत्व में दौड़,गोला फेंक, रस्साकशी एवं कबड्डी प्रतियोगिता हुई, जिनमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया . संचालन ओम प्रकाश पाटीदार, श्रीमती ज्योति धाकड़ एवं बद्रीलाल नागर ने किया . इस दौरान अशोक पाटीदार, गौरव व्यास एवं अनवर खान सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे . प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल विधाओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया . विजयी विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया .

#### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग कक्षा 11-12 में प्रथम अर्जुन, द्वितीय निलेश चौहान, तृतीय शिवराज राजपूत रहे . इसी प्रकार कक्षा 9-10 में प्रथम ऋषि बारोड़, द्वितीय शिवम, तृतीय श्याम रहे . दौड़ प्रतियोगिता बालिका वर्ग कक्षा 11-12 में प्रथम सपना राजपूत, द्वितीय रानू, तृतीय संस्कृति रही . कक्षा 9-10 में प्रथम रोशनी, द्वितीय रौनक, तृतीय लक्ष्मी प्रजापति रही . गोला फेंक प्रतियोगिता बालक वर्ग कक्षा 11-12 में प्रथम राज लोभाना, द्वितीय अभिनंदन, तृतीय देवराज रहे . कक्षा 9-10 में प्रथम परीक्षित मालवीय, द्वितीय लोकेश अहिरवार, तृतीय शिवराज रहे . गोला फैंक प्रतियोगिता बालिका वर्ग कक्षा 11-12 में प्रथम रानू चौहान, द्वितीय श्वेता सौराष्ट्रे, तृतीय छाया पाटीदार रही . कक्षा 9-10 में प्रथम संगीता, द्वितीय सोना, तृतीय टीना खान रही .

# अपनों के साथ परायों के लिए भी किया तर्पण

**सुसनेर, 21 सितंबर. तर्पण एक सामाजिक उत्तरदायित्व है, समाज के महापुरुषों ने समाज को जो अपना तन, मन और धन का समर्पण किया है. उनके निमित श्रद्धापूर्वक किए गए समस्त उत्तर कार्य ही श्राद्ध तर्पण कहलाते है.**

ये विचार सुसनेर से 10 किलोमीटर दूर प्रज्ञाकुंज आमला में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में रविवार को सर्वपितृ अमावस्या पर आयोजित सामूहिक पितृ तर्पण संस्कार के दौरान प्रज्ञाकुंज आमला के व्यवस्थापक राधेश्याम गामी व सरदार सिंह भगत ने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. उन्होंने कहां की हिंदू धर्म में शास्त्रों में देव तर्पण, ऋषि तर्पण, यम तर्पण, देव मानव तर्पण, सात पीढ़ियों के पितृ तर्पण के साथ महापुरुषों के तर्पण का विधान बताया गया है. श्राद्ध पक्ष में पितृ अपने मोक्ष की अपेक्षा से परिवार में उपस्थित होते है. इस दौरान उनके प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए उनके निमित्त की गए कर्म ही उनके मोक्ष का मार्ग खोलते हैं. अत: सभी को अपने पितरों के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए उनके अधूरे सत कार्यों को पूर्ण करनें का संकल्प लेना चाहिए. इस दौरान देश की सुरक्षा में बार्डर पर शहीद होने वाले सैनिक, महापुरुषों एवं अपने परिवार के आलावा दिवंगत मित्रों, सौतेले परिवारजन व परायों की आत्मशांति हेतु भी तर्पण करवाया गया. तर्पण उपरांत पितृमोक्ष यज्ञ भी करवाया गया. जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां समर्पित की. इस आयोजन में 2 शिफ्टो में आगर, शाजापुर और राजगढ़ जिले के 1000 श्रृद्धालुओ ने तर्पण कार्य संपन्न किया है. साथ ही समाज और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहने हेतु संकल्प भी सभी को दिलाया गया.

## रक्तदान शिविर, 21 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**मोहन बड़ोदिया, 21 सितंबर.** स्वच्छता ही सेवा अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र दुपाड़ा मे रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. जिसमें शाजापुर विधायक अरूण भीमावद, मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह राजपूत, जिला कार्यालय मंत्री वीरेंद्र पाटीदार, जिला प्रभारी उमेश टेलर, महामंत्री संतोष आचार्य, महामंत्री राजेश पाटीदार सहित मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बीएमओ डॉक्टर राजेश रुहेला सहित स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.

# एमएसीटी सॉफ्टवेयर का शुभारंभ

**शाजापुर, 21 सितंबर. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के तत्वावधान में भारत के सर्वोच्च न्यायालय से एमएसीटी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सॉफ्टवेयर का भव्य उद्घाटन किया गया. न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, नालसा ने अपने करकमलों से सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया. इस अवसर पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशगण भी उपस्थित रहे.**

मप्र उच्च न्यायालय, जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं सत्र न्यायालयों के प्रधान जिला न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया था कि वे स्वयं तथा उनके अधीनस्थ सभी न्यायिक अधिकारी अपने-अपने जिला मुख्यालयों पर उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से सम्मिलित हों. निर्देशों के अनुपालन में शाजापुर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी की उपस्थिति में जिला न्यायालय शाजापुर एवं तहसील न्यायालय शुजालपुर के न्यायिक अधिकारी वीसी के माध्यम से सम्मिलित हुए.

**एक नजर में** बस स्टैंड पर 22-23 सितंबर को होगा जिलास्तरीय स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन

# स्वदेशी अपनाओ, उद्योग बचाओ का नारा बुलंद करेगा लघु उद्योग भारती

**शाजापुर, 21 सितंबर. मध्यप्रदेश शासन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में जिला स्तर पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 22 व 23 सितंबर को दो दिवसीय प्रदर्शनी जिला मुख्यालय शाजापुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें स्वदेशी अपनाओ, उद्योग बचाओ के नारे को साकार करने हेतु चर्चा होगी.**

लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने बताया कि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सहित शासन के अन्य विभागों के सहयोग से यह प्रदर्शनी बस स्टैंड शाजापुर पर लगाई जा रही है. प्रदर्शनी में जिले के स्वदेशी उत्पादकों को मंच उपलब्ध कराते हुए लघु एवं घरेलु उद्योगों को जागरूक और प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा. इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में एनआरएलएम, उद्यानिकी उत्पादन, कृषकों के जैविक उत्पाद, खादी ग्रामोद्योग से निर्मित सामग्री, मसाला उत्पादन, मल्टीग्रेन, खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद तथा वेलफेयर सोसाइटी के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे.

### स्वदेशी अपनाने के लिए करेंगे प्रेरित...

कार्यक्रम में सभी संस्थाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है . लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष किशोर प्रजापत, सुभाष मंडलोई, गजेंद्र सिंह सिकरवार, पवन गर्ग, दिनेश पांचाल, महेश पाटीदार, कीर्ति प्रकाश भावसार, विष्णु पाटीदार, अशोक पांचाल, लघु उद्योग भारती के पदाधिकारीगण, उनके समस्त कार्यकारिणी, व्यापारी, उद्योगपति एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी अपनी सहभागिता कर स्वदेशी अपनाने के लिए आमजन को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे .

### सार्वजनिक स्थान पर जुड़ेंगे आम जन...

कलेक्टर ने इसे नगर के लिए एक बड़ी सौगात बताते हुए निर्देश दिए हैं कि प्रदर्शनी सार्वजनिक स्थान पर लगाई जाए, ताकि आमजन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जानकारी और लाभ प्राप्त कर सकें . लघु उद्योग भारती ने जिले के नागरिकों, विशेषकर मातृशक्ति से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन करें . स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं तथा जिले की प्रतिभा और उद्योगों का मनोबल बढ़ाकर इस आयोजन को सफल बनाएं .